राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
शॉर्ट नोट्स + 10 MCQ (हिंदी)

REET, RPSC, शिक्षक भर्ती और अन्य परीक्षाओं के लिए • अपडेट: नवंबर 2026 • rajasthanexam.org

1. NEP 2020 एक नज़र में

बिंदु	विवरण
मंज़ूरी	29 जुलाई 2020 (केंद्रीय मंत्रिमंडल)
किसकी जगह	राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (संशोधित 1992)
समिति	डॉ. के. कस्तूरीरंगन समिति (गठन 2017, मसौदा 2019)
स्वरूप	4 भाग, 27 अध्याय
स्कूली ढाँचा	5+3+3+4 (3 से 18 वर्ष)
पाँच स्तंभ	पहुँच, समानता, गुणवत्ता, वहनीयता, जवाबदेही
मंत्रालय	MHRD का नाम शिक्षा मंत्रालय
SDG लक्ष्य	SDG-4: समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

2. NEP 2020 के 20 प्रमुख बिंदु

1. **मंज़ूरी :** 29 जुलाई 2020; 34 साल बाद नई नीति
2. **मसौदा :** डॉ. के. कस्तूरीरंगन समिति
3. **स्कूली ढाँचा :** 10+2 की जगह 5+3+3+4 (3–18 वर्ष)
4. **मातृभाषा :** कक्षा 5 तक, जहाँ संभव हो 8 तक
5. **त्रि-भाषा सूत्र:** किसी राज्य पर भाषा थोपी नहीं जाएगी
6. **व्यावसायिक शिक्षा :** कक्षा 6 से, इंटर्नशिप के साथ
7. **बैगलेस दिन :** कक्षा 6–8 में 10 दिन बिना बस्ते
8. **कोडिंग :** कक्षा 6 से
9. **बोर्ड परीक्षा :** आसान, साल में दो बार का विकल्प
10. **रिपोर्ट कार्ड:** 360° समग्र प्रगति कार्ड
11. **PARAKH:** राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र
12. **FLN लक्ष्य :** कक्षा 3 तक बुनियादी साक्षरता-संख्या ज्ञान
13. **स्कूल GER:** 2030 तक 100%

14. **उच्च शिक्षा GER:** 2035 तक 50%
15. **स्नातक :** 3 या 4 वर्ष, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट
16. **ABC:** एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट
17. **HECI:** उच्च शिक्षा का एकल नियामक (प्रस्ताव)
18. **M.Phil:** समाप्त
19. **शिक्षक :** 2030 तक न्यूनतम योग्यता 4 वर्षीय B.Ed
20. **खर्च लक्ष्य :** GDP का 6%; MHRD अब शिक्षा मंत्रालय
21. **rajasthanexam.org:** NEP 2020 के नोट्स, MCQ और PDF

3. 5+3+3+4 शैक्षिक ढाँचा

चरण	आयु	कक्षा	वर्ष
आधारभूत (Foundational)	3–8 वर्ष	आँगनबाड़ी/प्री-स्कूल + कक्षा 1–2	5
प्रारंभिक (Preparatory)	8–11 वर्ष	कक्षा 3–5	3
मध्य (Middle)	11–14 वर्ष	कक्षा 6–8	3
माध्यमिक (Secondary)	14–18 वर्ष	कक्षा 9–12	4

4. स्नातक में मल्टीपल एंट्री-एग्जिट

अवधि पूरी करने पर	क्या मिलेगा
1 वर्ष	प्रमाणपत्र (Certificate)
2 वर्ष	डिप्लोमा
3 वर्ष	स्नातक डिग्री
4 वर्ष	शोध सहित स्नातक डिग्री (Honours/Research)

5. NPE 1986 और NEP 2020 में अंतर

बिंदु	NPE 1986	NEP 2020
स्कूली ढाँचा	10+2	5+3+3+4
दायरा	मुख्य ज़ोर 6–14 वर्ष	3 से 18 वर्ष
स्नातक	सामान्यतः 3 वर्ष	3 या 4 वर्ष, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट
नियामक	UGC, AICTE, NCTE अलग-अलग	एकल नियामक HECI का प्रस्ताव
मंत्रालय	MHRD	शिक्षा मंत्रालय
प्रमुख कार्यक्रम	ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड, नवोदय विद्यालय	NIPUN भारत, PM SHRI, APAAR
खर्च लक्ष्य	GDP का 6%	GDP का 6%

6. 2026 तक क्या लागू हुआ

- CBSE कक्षा 10 की दो बोर्ड परीक्षाएँ 2026 में पहली बार हुईं: फ़रवरी (मुख्य) और मई (वैकल्पिक)।
- NCERT की नई किताबें कक्षा 1–8 में आ चुकी हैं; कक्षा 9 में 2026-27 से और कक्षा 10–11 में 2027-28 से।
- एकल नियामक के लिए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 15 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश हुआ और संयुक्त संसदीय समिति (JPC) को भेजा गया। अक्टूबर 2026 तक इसकी रिपोर्ट संसद में पेश नहीं हुई थी।

7. परीक्षा के लिए वन-लाइनर

1. NEP 2020 स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है (1968, 1986 के बाद)।
2. पहली शिक्षा नीति 1968 कोठारी आयोग (1964–66) की सिफ़ारिशों पर आई।
3. NEP 2020 में 4 भाग और 27 अध्याय हैं।
4. स्कूल में सकल नामांकन अनुपात (GER) 2030 तक 100% करने का लक्ष्य है।
5. उच्च शिक्षा में GER 2035 तक 50% करने का लक्ष्य है।
6. PARAKH NCERT के अधीन राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र है।
7. NIPUN भारत मिशन 5 जुलाई 2021 को शुरू हुआ।
8. APAAR ID को “एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी” कहा जाता है।
9. राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (NRF) का अधिनियम 2023 में पारित हुआ।
10. CBSE ने 2026 से कक्षा 10 में साल में दो बार बोर्ड परीक्षा शुरू की।
11. विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 15 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश हुआ।
12. 2030 तक शिक्षक बनने के लिए न्यूनतम योग्यता 4 वर्षीय एकीकृत B.Ed होगी।

8. अभ्यास प्रश्न (MCQ)

1. NEP 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कब मंज़ूरी दी ?

(A) 29 जुलाई 2019

(B) 29 जुलाई 2020

(C) 31 मई 2019

(D) 15 अगस्त 2020

2. NEP 2020 का मसौदा किस समिति ने तैयार किया ?

(A) टी.एस.आर. सुब्रमण्यन समिति

(B) यशपाल समिति

(C) कस्तूरीरंगन समिति

(D) कोठारी आयोग

3. 5+3+3+4 ढाँचे में "मध्य चरण" किन कक्षाओं का है ?

(A) कक्षा 3–5

(B) कक्षा 6–8

(C) कक्षा 9–12

(D) कक्षा 1–2

4. NEP 2020 के अनुसार उच्च शिक्षा में GER 50% का लक्ष्य किस वर्ष तक है ?

(A) 2025

(B) 2030

(C) 2035

(D) 2040

5. PARAKH किससे संबंधित है ?

(A) शिक्षक प्रशिक्षण

(B) राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र

(C) डिजिटल पुस्तकालय

(D) छात्रवृत्ति

6. कथन (A): NEP 2020 में कक्षा 5 तक मातृभाषा या घरेलू भाषा में पढ़ाई पर बल है। कारण (R): बच्चे अपनी घरेलू भाषा में कठिन अवधारणाएँ जल्दी समझते हैं।

(A) A और R दोनों सही, R, A की सही व्याख्या है

(B) A और R दोनों सही, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है

(C) A सही, R गलत

(D) A गलत, R सही

7. NEP 2020 में व्यावसायिक शिक्षा किस कक्षा से शुरू करने की बात है ?

(A) कक्षा 3

(B) कक्षा 6

(C) कक्षा 9

(D) कक्षा 11

8. सही क्रम चुनें (पुराने से नए): (i) NEP 2020 (ii) NPE 1968 (iii) RTE अधिनियम (iv) NPE 1986

(A) ii, iv, iii, i

(B) ii, iii, iv, i

(C) iv, ii, iii, i

(D) ii, iv, i, iii

9. NEP 2020 के अनुसार शिक्षा पर कितना खर्च करने का लक्ष्य है ?

(A) GDP का 4%

(B) GDP का 5%

(C) GDP का 6%

(D) GDP का 8%

10. HECI के अंतर्गत कौन-सा क्षेत्र नहीं रखा गया है ?

(A) इंजीनियरिंग

(B) शिक्षक शिक्षा

(C) चिकित्सा और विधि शिक्षा

(D) प्रबंधन

उत्तर कुंजी : 1–(B), 2–(C), 3–(B), 4–(C), 5–(B), 6–(A), 7–(B), 8–(A), 9–(C), 10–(C)

पूरा लेख, व्याख्या सहित MCQ और ताज़ा अपडेट: rajasthanexam.org/national-education-policy-2020-in-hindi
NEP 2020 के 100 प्रश्न-उत्तर: rajasthanexam.org/questions/rashtriya-shiksha-niti-2020-mcq
लेखक: केवल कृष्ण घोड़ेला, एम.ए., बी.एड. (नेट हिंदी), कॉलेज व्याख्याता, श्रीगंगानगर